भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या:71
22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

शहरी गरीबों हेतु कार्यक्रम

71. श्री हुसैन दलवई:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास मलिन बस्तियों में रह रहे शहरी गरीबों की स्वास्थ्य समस्याओं के निदान हेतु कोई विशिष्ट कार्यक्रम अथवा योजना है;

(ख) यदि हां, तो ये योजनाऐं कौन सी हैं; और

(ग) वर्ष 2008–09 से 2010–11 के दौरान इन योजनाओं में से प्रत्येक योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा व्यय की गई राशि का वर्ष–वार तथा
राज्य–वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंद्धोपाध्याय)

(क) से (ग) इस समय, सरकार का मलिन बस्तियों में रह रहे शहरी गरीब लोगों की स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए अलग से कोई विशिष्ट कार्यक्रम नहीं है । तथापि, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एन आर एच एम) के अंतर्गत शहरी प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य (आर सी एच) संघटक, मलिन बस्तियों में रह रहे शहरी गरीब लोगों सहित शहर में रहने वाले लोगों की स्वास्थ्य परिचर्या की जरूरतों को पूरा करता है । सरकार द्वारा 2008–09 से 2010–11 के दौरान शहरी आर सी एच स्कीम के अंतर्गत खर्च की गई राशि का राज्यवार और वर्षवार ब्यौरा उपाबंध पर दिया गया है।

उपाबंध

वित्त वर्षों 2008–09 से 2010–11 के दौरान शहरी आर सी एच के अंतर्गत व्यय को दर्शाता विवरण

करोड़ रूपये में

कम सं	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	2008–09	2009–10	2010–11
क. उच्च ध्यान केन्द्रित राज्य				
1	बिहार	0.78	0.14	0.33
2	छत्तीसगढ़	0.16	0.16	0.16
3	हिमाचल प्रदेश	0.00	0.00	0.00
4	जम्मू एवं कश्मीर	0.33	0.22	1.55
5	झारखंड	1.86	0.01	0.08
6	मध्य प्रदेश	1.69	5.24	0.66
7	उड़ीसा	0.53	1.22	1.26
8	राजस्थान	3.05	4.49	4.14
9	उत्तर प्रदेश	2.72	8.72	10.72
10	उत्तराखंड	0.00	0.38	2.41
	उप योग	**11.13**	**20.50**	**21.32**
ख. पूर्वोत्तर राज्य				
11	अरूणाचल प्रदेश	0.30	0.21	0.44
12	असम	0.14	2.37	3.57
13	मणिपुर	0.00	0.04	0.30
14	मेघालय	0.00	1.32	2.01
15.	मिजोरम	0.16	0.16	0.18
16	नागालैंड	0.00	0.00	0.00
17	सिक्किम	0.01	0.12	0.17
18	त्रिपुरा	0.09	0.20	0.00
	उप योग	**0.70**	**4.43**	**6.67**
ग. गैर उच्च ध्यान केन्द्रित राज्य				
19	आंध्र प्रदेश	3.89	0.00	1.58
20	गोआ	0.00	0.00	0.01
21	गुजरात	12.34	2.82	30.24
22	हरियाणा	1.81	3.18	6.06
23	कर्नाटक	0.44	1.78	2.83

24	केरल	4.98	1.12	2.71
25	महाराष्ट्र	15.43	14.24	14.15
26	पंजाब	0.92	1.44	1.98
27	तमिलनाडु	0.04	0.00	0.02
28	पश्चिम बंगाल	0.00	0.20	0.00
	उप योग	**39.86**	**24.78**	**59.58**
घ.छोटे राज्य/संघ राज्य क्षेत्र				
29	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	0.00	0.00	0.00
30	चंडीगढ़	0.00	0.00	0.00
31	दादरा एवं नगर हवेली	0.00	0.00	0.00
32	दमन	000	0.00	0.00
33	दिल्ली	0.04	0.00	0.22
34	लक्षद्वीप	0.00	0.00	0.00
35	पुदुच्चेरी	0.02	0.07	0.05
	उप योग	**0.06**	**0.07**	**0.27**
	महायोग	**51.74**	**49.77**	**87.84**

नोटः—वित्त वर्ष 2008—09 और 2009—10 के लिए दर्शाया गया व्यय लेखा—परीक्षा रिपोर्ट के अनुसार है।

वित्त वर्ष 2010—11 के लिए दर्शाया गया व्यय एफ एम आर के अनुसार है ।